an>

title: Need to increase number of senior secondary schools in each block of Chatra Constituency of Jharkhand.

श्री सुनील कुमार सिंह (चतरा) : माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे लोक महत्व के विषय में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं। मेरा लोकसभा क्षेत्र चतरा अत्यंत पिछड़ा और उग्रवाद से प्रभावित जिला है। इसमें कुल तीन जिले हैं -चतरा, लातेहार और पलामू, इसमें लातेहार शिडयूल जिले में आता है। मैं यह बात इसलिए बता रहा हूं क्योंकि मेरे निर्वाचन क्षेत्र में 12वीं की शिक्षा की स्थिति बहुत दयनीय है। मैं जानता हूं कि शिक्षा का मामला राज्य के अधीनस्थ है, लेकिन शैडयूल जिले होने के कारण मेरे जिले में खासकर लातेहर जिले के बालूमाथ, हेरहंज और बारियातु के क्षेत्रों में 3000 विद्यार्थियों ने 10वीं की परीक्षा पास की है, वहीं मातृ नामांकन की सुविधा 645 की है। आप स्वयं विचार करें, एक तो उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्र धीरे-धीरे शांति की ओर लौट रहा है, ऐसी स्थिति में अगर इन छातृ-छातृाओं को पढ़ने की सुविधा नहीं मिली तो फिर से उग्रवाद को पैर पसारने के अवसर मिलेगा।

मेरा आपसे आग्रह है कि केंद्र सरकार लातेहार जिला को अतिलम्ब शिक्षा क्षेत्र में राहत दिलवाने का प्रयास करे।

माननीय अध्यक्ष:

कुंवर पुÂष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री सुनील कुमार सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

Shri T.G. Venkatesh Babu to speak. Do not read the whole page. I will give you only two minutes.